भारत सरकार
Government of India
कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension
(कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग)
(Department of Personnel & Training)
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति
Central Govt. Employees Welfare Co-ordination Committee
महासर्वेक्षक का कार्यालय, देहरादून
Surveyor General's Office, Dehra Dun

फैक्स व दूरभाष : 0091.135.744064
Fax-cum-Telephone: 0091-135-2744064
E-Mail:cgewcc.ddn.soi@gov.in
डाक बक्स सं0 37
POST BOX No.37
हाथीबड़कला स्टेट, देहरादून–248001 (उ0प्र0)–भारत।
Hathibarkala Estate, Dehra Dun-248001 (U.K.), INDIA

सं0 सीजी– 77 /कार्यवृत

दिनांक 6 जनवरी, 2017

# MINUTES OF THE ANNUAL GENERAL BODY MEETING OF CENTRAL GOVT. EMPLOYEES WELFARE CO-ORDINATION COMMITTEE DEHRA DUN & REGIONAL SPORTS BOARD UTTARAKHAND HELD ON 15-12-2016 (1500 hrs) IN SURVEYOR GENERAL'S OFFICE DEHRA DUN

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक डॉ0 स्वर्ण सुब्बा राव, भारत के महासर्वेक्षक एवं अध्यक्ष CGEWCC देहरादून, एवं RSB उत्तरॉखण्ड की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा में विभिन्न विभागों/कार्यालयों से निम्नलिखित अधिकारियों/प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया ।

| Sl.No. | Name of Officer | Designation | Department |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. S. Subba Rao | Surveyor General of India/ Chairman, CGEWCC & RSB, UK | Surveyor General's Office, Survey of India, D.Dun |
| 2 | Shri Pankaj Mishra | Deputy Director/Secretary CGEWCC & RSB, UK | Surveyor General's Office, Survey of India, D.Dun |
| 3 | Shri R.K.Meena | Director | UK & W. UP,GDC, SOI, D.Dun |
| 4 | Smt. Bindu Manghat | Deputy Director | NGDC, SOI, Dehradun |
| 5 | Shri Sujeet Kumar | SP., CBI | CBI, D.Dun |
| 6 | Dr. P.M.Tripathi | Scientist – D | R.S.R.S.,Central Silk Board, Sahaspur, D.Dun |
| 7 | Dr. B.K.Ramprasad | Principal, CHO | National Hydrographer Office, |
| 8 | Shri Yaspal Singh | U.D.C. | Opto Electronic factory D.Dun |
| 9 | Om Prakash Singh | Asstt. Labour Welfare Commissioner | Opto Electronic factory D.Dun |
| 10 | Dr. Ramesh Kumar Sehgal | Scientist 'D' | Wadia Inst. Of Him. Geology |
| 11 | Shri N.K.DUA | Officer-in-Charge | OAQA, PGAQA, Raipur, D.Dun |
| 12 | Shri Anubhav Kumar Singh | Sr. DAG | O/o The Accountant General (Audit) |
| 13 | Shri Sanjay Rasdan | Sr. Audit Officer | O/o AG (Audit) D.Dun |

शेष पृष्ठ 2 पर......

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14 | Shri Shivendra K Duklan | Junior Scientific Officer | OAQA, Raipur, D.Dun |
| 15 | Shri S.K.Maurya | DFO | O/o Assistant Commissioner Special Bureau, D.Dun |
| 16 | Shri D.N.Fulzele | Senior Geologist | Geological Survey of India, Patel Nagar, D.Dun |
| 17 | Shri H.C.Goyal | Adm. Officer/Dy. Director | O/o ATI-EPI, Green Park, Niranjanpur , D.Dun |
| 18 | Shri Raghubir Singh | Office Suptt. | -do- |
| 19 | Shri Sushil Dewali | Asstt. Accounts Officer | O/o AG (A&E), UK, D.Dun |
| 20 | Shri J.S.Samant | Welfare Asstt. | O/o AG (A&E), UK, D.Dun |
| 21 | Shri N.R.Bhatt | Astt. Controller Dy A/C | O/o CCA, Uttarakhand, D.Dun |
| 22 | Shri U.S.Prasad | Director | M.A.&D.C. S.O.I., D.Dun |
| 23 | Shri Farid Mohamad | Asstt. (Sep) Gr.I | O/o I.I.P., Mohkampur, D.Dun |
| 24 | Shri Naveen K. Mourya | Sec. Staff Club | O/o I.I.P., Mohkampur, D.Dun |
| 25 | Shri Rajesh Kumar | Dy. Commissioner of Income Tax (HQ) | O/o CCIT, D.Dun (Income Tax) |
| 26 | Shri Anil Kumar Singh | Chief Adm. Officer | Indian Soil & Water Conservation Resarch & Training Institute, Kaulagarh Road, D.Dun |
| 27 | Shri Nandan Singh | Steno Gr. I | Indian Bureau of Mines, D.Dun |
| 28 | Shri Anil Kumar Chandel | Superintendent | Indian Bureau of Mines, D.Dun |
| 29 | Shri P.N.Kala | Vice Principal | K.V.Birpur, D.Dun |
| 30 | Dr. K. Ambush | Scientist 'D' | BSI, Dehradun |
| 31 | Dr. G.S.Panwar | Scientist 'C' | BSI, Dehradun |

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने से पूर्व, अध्यक्ष CGEWCC, देहरादून RSB उत्तरॉखण्ड ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अनुरोध किया कि वे कृपया अपना परिचय प्रस्तुत करें, जिसे सभी सदस्यों ने बारी–बारी कर अपना परिचय प्रस्तुत किया । इसके बाद सचिव ने बैठक संचालन करने की अनुमति ली।

1 <u>दिनांक 20.10.2015 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत :</u>

सचिव ने एजेण्डानुसार बैठक संचालन करते हुए सर्वप्रथम सदस्यों को अवगत कराया कि पिछली बैठक के कार्यवृत सभी सदस्य कार्यालयों को समिति के पत्र सं0 सीजी–6707/कार्यवृत दिनांक 05–11–2015 के अंतर्गत भेजा गया था । साथ ही आशा व्यक्त की कि सभी सदस्यों को उक्त प्रति प्राप्त हो गयी होगी । जिसकी पुष्टि सभी सदस्यों ने की । तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय ने सचिव से वर्ष 2015–2016 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति दी । सचिव ने समन्वय समिति एवं क्रीडा बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट को पढ़ कर सभा में प्रस्तुत किया ।

शेष पृष्ठ 3 पर......

2. <u>देहरादून में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना :</u>

सचिव ने सदन को अवगत कराया कि केन्द्रीय कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु समिति CGHS से बेहत्तर समन्वय के साथ इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं । साथ ही यह भी अवगत कराया कि वर्तमान में CGHS द्वारा मान्यता प्राप्त प्राईवेट अस्पताल/डायग्नोस्टिक सेंटर/पैथोलॉजी लैब/इमैजिंग सेंटर आदि की अवधि समाप्त हो गयी है तथा इनकी पुर्ननियुक्ति/ नवीनिकरण की जैसे ही सूचना समिति को प्राप्त होगी, हम शीघ्र ही सदस्य कार्यालयों को सूचित करेंगें ।

उसके बाद सभा में कुछ सदस्यों ने CGHS की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी करते हुए अध्यक्ष महोदय का ध्यान अवगत कराया कि सेवारत्त कर्मचारियों और सेवानिवृत कर्मचारियों हेतु CGHS डिस्पेंसरी में अलग–अलग फिजिशियन/चिकित्सक की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए ताकि सेवारत्त कर्मचारियों को भी त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल जाए । क्योंकि सेवानिवृत कर्मचारी चिकित्सक के पास पहले से ही पंक्ति में खड़े हो जाते है और जिससे सेवारत्त कर्मचारियों का नम्बर आने में अत्यधिक समय लगता है। इसलिए Addl. Director, CGHS को भी बैठक में निमन्त्रण देना चाहिए।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने सरकारी प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों/अधिकारियों की तैनाती संख्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में सभी विभागों/कार्यालयों में कार्मिकों की कमी के कारण सदस्यों की चिन्ता से शायद Addl. Director, CGHS भी अवगत होंगे । लेकिन फिर भी, इस विषय में उनसे पत्राचार किया जा सकता है ।

अन्त में इस बिन्दू पर विराम देते हुए अध्यक्ष महोदय ने सचिव को आगे की बैठकों में Addl. Director, CGHS को भी बैठक में सम्मिलित करने का आदेश दिया, जिसे सचिव ने इसे भविष्य के लिए नोट करते हुए सदस्यों की बात का समर्थन किया ।

3. <u>वर्ष 2015–2016 के दौरान खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन :</u>

वर्ष 2015–16 के दौरान समन्वय समिति की ओर से जिन विभागों/कार्यालयों को खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने का दायित्व दिया गया था, सचिव ने अपनी रिपोर्ट द्वारा सदन को उसके परिणाम से अवगत कराया जो निम्न प्रकार हैं :–

| क्रमांक | खेल/प्रतियोगिताएं | आयोजक विभाग |
|---|---|---|
| 1. | Cricket | NPG, Survey of India – Not Conducted |
| 2. | Table Tennis | AG, Office (Audit) - Conducted |
| 3. | Volley Ball | NHO/SGO - Conducted |
| 4. | Badminton | AG Office (Audit) – Conducted |
| 5. | Carrom | FRI – Conducted |
| 6. | Cultural Programme | Anthropological Survey of India - Conducted |

शेष पृष्ठ 4 पर......

4. वर्ष 2015–2016 के आय–व्यय एवं लेखा परीक्षा रिपोर्ट:

बैठक में वर्ष 2015–2016 के आय–व्यय का लेखा परीक्षण के विषय में सचिव ने सदन को अवगत कराया कि यह दायित्व A.G.(A), UK को दिया गया था। समिति का वर्ष 2015–16 का आय–व्यय का लेखा–जोखा A.G.(A), UK लेखा परीक्षाकों द्वारा सही पाया गया । इस प्रपत्र को बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सदस्यों ने समिति की आर्थिक स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सर्व सम्मति से लेखा पारित किया ।

इसी क्रम में सचिव ने सदस्यों को यह भी सूचित किया गया कि समिति द्वारा वार्षिक अंशदान हेतु समय समय पर सम्बन्धित सदस्य कार्यालयों को पत्र भेजे गये तथा परिणामस्वरूप रूपये 23305/–की प्राप्ति हुई है जो कि पिछले वर्ष रुपये 61,925/– की तुलना में बहुत कम है, कारण कुछ सदस्य कार्यालयों पर अंशदान बकाया चल रहा है । उनकी अलग से सूची प्रस्तुत की गई । जिसे सभी के अवलोकनार्थ एवं टिप्पणी/सुझाव हेतु संलग्न किया गया था । इस पर अध्यक्ष महोदय ने अप्रसन्नता व्यक्त की और सदस्य कार्यालयों से सुझाव मांगा । जिसके प्रतिउत्तर में सदस्यों ने समिति द्वारा सख्त कार्यवाही का भी पूर्णतया समर्थन किया ।

5. समिति के खेल सामग्री/स्टोर का भौतिक सत्यापन :–

सचिव ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि समिति के वर्ष 2015–2016 के शतप्रतिशत भौतिक सत्यापन जो कि A.G.(A), UK द्वारा सम्पन्न किया गया है तथा इसमें समिति के खेल सामाग्री/स्टाक आदि का सत्यापन किया गया है। सत्यापन में सभी वस्तुएं सही पायी गयी हैं । सदस्यों ने इस रिपोर्ट को भी पारित किया ।

6. वर्ष 2016–2017 के लिए प्रस्तावित बजट पारित करना :

आगामी वर्ष 2016–2017 के लिए समन्वय समिति दृारा प्रस्तावित आय–व्यय का प्रपत्र अनुमोदनार्थ संलग्न किया गया तथा खेल सामग्री की खरीद एवं प्रतियोगिता का आयोजन कराने में व्यय धनराशि मद में सभी ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रस्तावित बजट पारित किया।

7. वर्ष 2017 के लिए सरकारी अवकाशों का निर्धारण करना :

वार्षिक रिपोर्ट में सूचित किया गया कि भारत सरकार, कार्मिक,लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय के आदेशों के अनुसार वर्ष 2017 में केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के लिए निश्चित 14 अवकाशों के अलावा 3 अवकाशों का निर्धारण समिति द्वारा किया जाना है। इस सम्बन्ध में समिति द्वारा निम्नलिखित 3 अवकाश/त्योहारों का प्रस्ताव किया था तथा सभी सदस्य कार्यालयों को पहले ही सूचनार्थ एवं अनुमोदन हेतु भेजा गया था । सदस्य कार्यालयों से अनुकूल सहमति प्राप्त हुई है :

उपरोक्त तीनों अवकाशों को कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार राजपत्रित अवकाश में सम्मिलित कर वर्ष 2017 की अवकाश सूची बनाने की तथा उत्तरांखण्ड के सभी केन्द्रीय कार्यालयों को जारी करने की जानकारी दी गयी । साथ ही बैठक में एक प्रति सदस्यों के सूचनार्थ संलग्न की गयी। देहरादून में स्थानीय झण्डा दिवस/मेला दिनांक 17.3.2017 शुक्रवार को भी वैकल्पिक अवकाश में सम्मलित कर लिया गया है। सदस्यों ने अवकाशों के बारे में सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया ।

शेष पृष्ठ 5 पर......

8. **वर्ष 2014–2015 के लिए प्राधिकृत चिकित्सकों की नियुक्ति :**

सचिव ने अपनी रिपोर्ट में सूचित किया कि आगामी वर्ष के लिए प्राधिकृत चिकित्सकों की सूची लगभग गत वर्ष की भांति ही है, साथ ही जिन डाक्टरों ने पहली बार आवेदन किया है उनके नाम भी प्रस्तुत किये गये हैं तथा जिन डाक्टरों ने अपना नवीनीकरण (Renewal) नहीं कराया है उनकी सूची भी अलग से संलग्न की गई है। अतः अन्तिम सूची जारी करने के लिए सदस्यों की राय एवं अनुमोदन अपेक्षित है तदुपरान्त सूची सभी सदस्य कार्यालयों को जारी कर दी जायेगी। सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर भी अपनी सहमति व्यक्त की है ।

9. **Central Civil Services Culture & Sports Board, U.K.**

सचिव ने सूचित किया कि वर्ष 2015–2016 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले खेल प्रतियोगिताओं में राज्य की निम्नलिखित RSB, U.K टीमों ने प्रतिभाग किया :–

| | Name of Sports event | Venue of Tournament |
|---|---|---|
| 1. | Table Tennis | Bhopal (M.P.) |
| 2. | Volley ball | Bhopal (M.P.) |
| 3. | Badminton | Thiruvanthapuram (Kerala) |
| 4. | Carom | Gandhinagar (Gujrat) |

साथ ही सचिव ने यह भी अवगत कराया कि अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली टीमों को अपनी खेल–रिपोर्ट भी समन्वय समिति को प्रस्तुत करनी चाहिए। ताकि उनके खेल प्रदर्शन/ भावना दूसरों के लिए प्रेरणादायक बन सके ।

10. **आगामी वर्ष 2016–2017 के लिए निम्न प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया :**

समन्वय समिति की वार्षिक आमसभा में वर्ष 2016–17 में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु उपस्थित सभी सदस्यों से CGEWCC की ओर से खेल प्रतियोगिता कराने की जिम्मेदारी लेने का अनुरोध किया गया । इसी क्रम में जिन सदस्य कार्यालयों ने खेल प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में रुचि दिखाई, उनका अध्यक्ष महोदय ने स्वागत करते हुए धन्यवाद प्रकट किया। वे इस प्रकार हैं :–

| क्रमांक | खेल / प्रतियोगिताएं | आयोजक विभाग |
|---|---|---|
| 1. | Cricket | NPG/MA&DC Survey of India – |
| 2. | Table Tennis | Income Tax Department |
| 3. | Carom | IIP, Mohkampur |
| 4. | Chess | NGDC, SOI |
| 5. | Kabaddi | UK & WUP GDC, SOI |
| 6. | Volley Ball | SGO, SOI /NHO |
| 7. | Badmintan | AG (Audit) |
| 8. | Football | AG (Accounts) |
| 9. | Cultural Programme | SGO SOI |

साथ ही वर्ष 2016–17 का लेखा परीक्षा एवं भौतिक सत्यापन का दायित्व AG (Audit) को दिया गया ।

शेष पृष्ठ 6 पर......

12- **Proposals/suggestions from member offices:**

एजेन्डा के अन्तिम बिन्दूनुसार सचिव ने सदन को अवगत कराया कि आम सभा के एजेण्डा में सभी सदस्य कार्यालयों से उनके सुझाव/प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे, जो कि कहीं से भी प्राप्त नहीं हुआ कहते हुए सभा का समापन की घोषणा करने की आज्ञा मांगी ।

अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक संपन्न की ।

पंकज मिश्रा

( पंकज मिश्रा )
सचिव
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति देहरादून
दूरभाष– 0135–2746805

**Copy to –**

1. The Secretary, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Department of Personnel and Training, North Block, New Delhi-110003.
2. The Secretary, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Department of Personnel and Training, (Central Civil Services Cultural & Sports Board), Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi.
3. The Secretary, Ministry of Health and Family Welfare, Department of Health, New Delhi-110003.
4. The Secretary, Ministry of Home, Govt. of Uttarakhand.
5. The District Magistrate Dehra Dun.
6. The all member offices of CGEWCC, Dehra Dun for information and necessary action.
7. Incharge Survey of India Website, C/o National GDC, No. 6 Block, Hathibarkala Dehra Dun with the request to place this letter on the Website of the Department.